### एक नजर में

## रशीद कॉलोनी में दबंगों का उत्पात

**गुना।** शहर की रशीद कॉलोनी में आपसी रंजिश को लेकर एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने एक घर पर धावा बोलकर जमकर तांडव मचाया। इस हमले में एक दंपत्ति और उनके बहन-बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

कोतवाली पुलिस ने विवेक पुत्र कैलाश डागेरिया की शिकायत पर 10 से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि फरियादी पक्ष के रामबाबू नरबाबू नरवारे का परिवार विवेक के मकान में किराए से रहता है, जिनके साथ यह बर्बरता की गई। घटना 3 और 4 फरवरी की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि रात करीब 9:30 बजे वे अपने बच्चों के साथ घर में बैठे थे, तभी अचानक हथियारों से लैस हमलावरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। हमलावरों को देख पीड़ित परिवार जान बचाकर बाहर भागा और अपने रिश्तेदारों को मदद के लिए बुलाया। हैरानी की बात यह है कि जब एक फरियादी रामबाबू नरवारे अपनी पत्नी के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे थे, उसी दौरान पीछे से आरोपियों ने उनके सालों के साथ भी जमकर मारपीट की। हमलावरों ने न केवल लोगों को पीटा बल्कि घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं की गई है, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है।

# गुना पुलिस ने 12 घंटों में सुलझाई संगीन हत्या की गुत्थी

## आरोपी को कोई पछतावा नहीं, हत्या के बाद नदी के पानी में साफ की रक्त रंजित कुल्हाड़ी

**नवभारत न्यूज**

**गुना 5 फर. का। पुलिस ने हत्या की खौफनाक वारदात को 12 घंटों के भीतर ही सुलझा लिया है। एक चरवाहे की हत्या उसी के साथ शराब का जाम छलकाने वाले व्यक्ति ने मामूली मुंहवाद के चलते इतनी बेहरमी से कर दी थी कि मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया। यह मामला कुछ ही घंटों में पूरे जिले की सुर्खियां बन गया। मृतक के परिजन सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे, वहीं पुलिस भी भारी दबाव नजर आ रहा था। लेकिन जैसे ही इस मामले की खुलासा हुआ, सब हैरान रह गए। आखिर आक्रोश का लावा किस हद तक फूट सकता है, इस घटना ने साबित कर दिखाया है।**



पूरा मामला गुना जिले के म्याना थाना अंतर्गत ग्राम भदौरा का है। यहां रहने वाले 50 साल के रतीराम कुशवाह रोजाना की तरह 3 फरवरी को भी गाय चराने के लिए निकले थे। लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं लौटे तो उनके बेटे देशराज कुशवाह और अन्य ग्रामीणों ने रतिराम की तलाश शुरु कर दी। कई घंटों तक चली खोजनबीन के बाद ग्रामीण देर रात खाली हाथ लौट आए, लेकिन कुछ ही घंटों बाद 4 फरवरी की सुबह होते ही रतिराम कुशवाह का शव दो टुकड़ों में गांव के नजदीक ही गौशाला इलाके में मिलने से सनसनीखेज फेल गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने रतिराम का धड़ और सिर बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद रतिराम के शव को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। इसके बाद परिजनों का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गए। अपने पिता के शरीर की दुर्दशा देखकर रतिराम के बेटे और बेटी गमजदा होकर सीबीआई जांच की मांग करने गए। कुशवाह ने गुना के हनुमान चौराहे पर चक्काजाम कर दिया और हत्यारों की जल्द गिरफ्तार नहीं होने पर मामला सीबीआई को सौंपने की मांग पर अड़ गए। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने उन्होंने भरोसा दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**मोबाइल लोकेशन से पकड़ा गया आरोपी**

एक व्यक्ति की बेहद दरिंदगी के साथ हुई हत्या के मामले ने गुना पुलिस को भी झकझोर कर रख दिया था। गुना एसपी अंकित सोनी ने गुना एसडीओपी विवेक अष्टाना, म्याना थाना प्रभारी रविंद्र सिंह सिकरवार और उनकी टीम को निर्देश दिए कि पूरी ताकत झोंक दी जाए, लेकिन आरोपी सलाखों के पीछे होना चाहिए। फिर क्या पुलिस ने बिल्कुल भी देर नहीं की और मुखबिर तंत्र का जाल बिछाया गया।

इस दौरान पता चला कि गांव में इंद्रभान खंगार नामक व्यक्ति भी गाय चराने का काम करता है जो हत्या के समय से ही लापता है। पुलिस ने इंद्रभान के घर दबिश दी तो वह वहां से भाग निकला। इसके बाद इंद्रभान के मोबाइल की लोकेशन निकाली गई और आखिरकर 4 फरवरी की रात 10 बजे ही उसे दबोच लिया गया।

**तालाब में साफ की रक्त रंजित कुल्हाड़ी**

हत्या की नृशंस वारदात को अंजाम देने के बाद रतिराम कुशवाह सबसे पहले गांव के ही तालाब पर पहुंचा, वहां उसने अपनी कुल्हाड़ी पर लगा खून साफ किया और अपने कपड़े छुपाकर फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने उसकी लोकेशन ढूढ़ निकाली और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### उसने चांटे मारे, फिर मैंने बोल दिया हमला

हत्या के सनसनीखेज मामले में पकड़े गए 45 वर्षीय आरोपी इंद्रभान खंगार से पुलिस ने पूछताछ की तो हत्या की पूरी गुत्थी सुलझती चली गई। इंद्रभान ने पुलिस को एक-एक पल की जानकारी दी। उसने बताया कि वह और मृतक रतिराम कुशवाह एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। वह थोड़ी शराब पीने के बाद अपने घर जाना चाहता था। लेकिन रतिराम चाहता था कि इंद्रभान उसके साथ बैठकर और जाम छलकाए। इंद्रभान के मुताबिक दोनों में मुंहवाद शुरु हुआ और रतिराम ने उसे 3-4 चांटे जड़ दिए। इसके बाद वह आग-बबूला हो गया और उसने भी रतिराम पर धावा बोल दिया। इंद्रभान की मानें तो उसने रतिराम पर जवाबी हमला करते हुए न केवल उसपर चांटे बरसाए बल्कि उसकी अपनी कुल्हाड़ी से रतिराम की गर्दन पर पूरी ताकत से प्रहार करते हुए उसे धड़ से अलग कर दिया।




## आधी रात में काली माता मंदिर से चांदी के छत्र और जेवरात चोरी

**गुना।** शहर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे पुलिस की गश्त को चुनौती देते हुए सीधे आस्था के केंद्रों को निशाना बना रहे हैं। शहर के बीचों-बीच स्थित काली मां के मंदिर में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात चोरों ने सेंधमारी कर माता के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस वारदात से श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है।

पुजारी श्यामसुंदर शर्मा ने पुलिस को बताया कि यह वारदात रात करीब 3 बजे अंजाम दी गई। बदमाश मंदिर से मां का करीब 200 ग्राम वजनी चांदी का छत्र, 150 ग्राम की करधोनी, पीतल के बर्तन और दानपेटी की नगदी सहित अन्य सामग्री समेट ले गए। पुजारी ने बताया कि इससे पहले भी दो बार मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन तब बदमाश असफल रहे थे। इस तीसरी कोशिश में वे वारदात को अंजाम देने में कामयाब हो गए। घटना का खुलासा गुरुवार सुबह 5 बजे हुआ, जब पुजारी नियमित पूजा के लिए मंदिर पहुंचे और उन्हें पट पहले से ही खुले मिले। वारदात की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध बदमाश कैद हुआ है, जो वारदात के समय वहां मौजूद था। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुजारी और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया जाए।

## प्रेम विवाह के बाद प्रेमी जोड़े को मिल रही जान से मारने की धमकी

**गुना।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के एक प्रेमी जोड़े ने जान का खतरा बताते हुए एसपी अंकित सोनी से सुरक्षा की मांग की है। प्रेमी जोड़े का दावा है कि लड़की के पिता और भाई उन्हें चोरी के झूठे केस में फंसाने की धमकियां दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि चांचौड़ा पुलिस थाने के कुछ पुलिसकर्मी भी लड़की के पिता और भाई का सहयोग कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक चांचौड़ा निवासी परवेज खान और सना खान ने बीती 23 जनवरी 2026 को इंदौर जाकर निकाह किया था और विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपने विवाह को विधिवत रजिस्टर्ड भी करा लिया था। शादी के बाद से ही सना के परिजन इस रिश्ते का विरोध कर रहे हैं। नवदंपत्ति का आरोप है कि लड़की के पिता और भाई उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं और उन पर चोरी का झूठा आरोप लगाने व मारपीट करने का दबाव बना रहे हैं। धमकियों से खौफजदा यह जोड़ा अपनी जान बचाने के लिए पिछले कई दिनों से यहां-वहां छिपने को मजबूर है। गुरुवार को यह जोड़ा अपने अभिभाषक नूर अख्तर के साथ पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के पास पहुंचा और सुरक्षा के लिए आवेदन सौंपा। एसपी को दिए शिकायती पत्र में कपल ने चांचौड़ा पुलिस थाने के कुछ पुलिसकर्मियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कुछ पुलिसकर्मी उन्हें फोन कर धमका रहे हैं और मामले में 'सेटलमेंट' करने का दबाव बना रहे हैं। सना खान ने स्पष्ट किया है कि वह बालिग है और उसने अपनी मर्जी से परवेज के साथ जीवन बिताने का फैसला किया है। उसने अपने परिवार से खुद की और पति की जान को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से संरक्षण प्रदान करने की गुहार लगाई है ताकि वे बिना किसी डर के अपना वैवाहिक जीवन जी सकें।

### मृतक कर्मचारी के पुत्र को मिली सरकारी नौकरी

**गुना।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार को एक मानवीय पहल के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण का निराकरण करते हुए पात्र आवेदक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने आवेदक को शासकीय सेवा में शामिल होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुकंपा नियुक्ति के इस मामले में राकेश आर्य, पिता स्वर्गीय मंजीराम आर्य को चतुर्थ श्रेणी (दवसाज) के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रदान की

## हॉकी टीम ने हैट्रिक जीत के बाद लिया नपा अध्यक्ष का आशीर्वाद



**गुना।** शहर में आयोजित लाल बहादुर शास्त्री कप हॉकी टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका गुना की टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। इस बड़ी सफलता के बाद टीम के खिलाड़ियों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता के निवास पर पहुँचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने नपा अध्यक्ष के पति और पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री कप जैसे प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का आयोजन कर नगर पालिका ने स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान किया है, जिससे गुना के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला। खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को ट्रैकसूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। साथ ही, क्वार्टर फाइनल में मिली शानदार जीत की खुशी में पूरी टीम को 'विजेता डिनर' के लिए आमंत्रित किया गया है।

## 900 किलो लाहन और भट्टियां कीं नष्ट, 5 पर मामला दर्ज



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। अलग-अलग क्षेत्रों में दी गई दबिश के दौरान भारी मात्रा में लाहन और हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर नष्ट की गई। इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया की टीम ने ग्राम मोहरी और किंदर में दबिश दी। यहाँ कार्यवाही के दौरान लगभग 600 किलोग्राम लाहन और 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर शराब बनाने वाली भट्टियां धधकती मिलीं, जिन्हें आबकारी बल ने तत्काल नष्ट कर दिया। भारी मात्रा में मिले लाहन को परिवहन में असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट किया गया। वहीं, दूसरी ओर चांचौड़ा वृत्त प्रभारी एल.आर. करोसिया के नेतृत्व में मुँहासा खुर्द, पैंची मण्डी और बीनागंज बायपास इलाकों में तलाशी ली गई। यहाँ से 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 300 किलोग्राम गुड़ लाहन जब्त किया गया। विभाग के अनुसार, जब्त की गई मदिरा और लाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य करीब एक लाख रुपए है। इस पूरी कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत कुशवाह, दिनेश कुमार राठौर, गोविंद मीना, अरुण कुमार शर्मा, महिला आरक्षक जेम्मा एक्का, टीना वर्मा और होमगार्ड सैनिक महेश पिल्लई का सराहनीय योगदान रहा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहरीली शराब और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिले में इस प्रकार की सख्त कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।

### प्रताप छात्रावास में सजेगा कलाकृतियों का बाजार

**गुना।** गुना के कला प्रेमियों और खरीदारी के शौकीनों के लिए आगामी 7 फरवरी से एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से शहर के मुख्य मार्ग स्थित प्रताप छात्रावास में भव्य हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 7 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगी, जिसका समय प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न अंचलों के हस्तशिल्प कारीगरों को एक मंच प्रदान करना और उनकी पारंपरिक कला को आम जनता तक पहुँचाना है। कारीगर अपने अनूठे उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे।

## नेटवर्क की समस्या आई तो नीम के पेड़ पर चढ़ा स्वास्थ्य विभाग




**नवभारत न्यूज**

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जोरों पर है। इसी अभियान के दौरान चांचौड़ा विकासखंड के ग्राम कुसुमपुरा से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने यह साबित कर दिया कि यदि मन में सेवा का भाव और कार्य के प्रति लगन हो, तो विपरीत परिस्थितियां भी रास्ता नहीं रोक सकतीं।**

बीएमओ बीनागंज डॉ. राजेश कुमार पुष्पक के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम कुसुमपुरा पहुंची थी। टीम में सीएचओ सुल्तान सिंह भील, आशा सुपरवाइजर रेखा भील और आशा कार्यकर्ता फिल्मा बाई शामिल थीं।

जैसे ही टीम गांव पहुंची, ग्रामीण कार्ड बनवाने के लिए उमड़ पड़े, लेकिन सबसे बड़ी बाधा मोबाइल नेटवर्क की थी। नेटवर्क न होने के कारण ऑनलाइन पोर्टल नहीं खुल रहा था और कार्ड बनाना असंभव लग रहा था। ऐसे में हार मानने के बजाय सीएचओ सुल्तान सिंह भील ने अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। वे ऊंचे नीम के पेड़ पर चढ़ गए और वहां एक सुरक्षित स्थान पर अपना मोबाइल रखा, जहां नेटवर्क मिल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने मोबाइल का वाई-फाई ऑन किया, जिससे नीचे मौजूद आशा कार्यकर्ता के मोबाइल को कनेक्ट किया गया। इस अनूठे जुगाड़ की मदद से टीम ने सफलतापूर्वक 21 आयुष्मान कार्ड मौके पर ही तैयार कर दिए।

**टीम की लगन की सराहना**

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यक्षमता और समर्पण को देखकर ग्रामीण काफी खुश हुए और उन्होंने टीम की प्रशंसा की। बीएमओ डॉ. राजेश कुमार पुष्पक ने भी सीएचओ और पूरी कुसुमपुरा टीम की सराहना करते हुए कहा कि जो व्यक्ति लगन से कार्य करना चाहता है, वह रास्ता निकाल ही लेता है। उन्होंने अन्य क्षेत्रीय कार्यकताओं से भी इसी प्रकार समर्पण के साथ शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की अपील की है।

## सोनखरा जानलेवा हमला कांड : बमोरी पुलिस ने एक और फरार आरोपी को दबोचा, अब तक 7 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** बमोरी थाना पुलिस ने ग्राम सोनखरा में हुए जानलेवा हमले के मामले में एक और सफलता अर्जित की है। पुलिस ने प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सोनू प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर 2025 को ग्राम सोनखरा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में फरियादी रवि धाकड़ की रिपोर्ट पर अवधेश धाकड़, संजीव धाकड़ सहित 9 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले, तोड़फोड़ और विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वारदात की रात ही 6 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य फरार हो गए थे। एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम शेष आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 4 फरवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकरण का एक आरोपी म्याना क्षेत्र में छिपा है। सूचना पर त्वरित



कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी सोनू (38 वर्ष) पुत्र इमरतलाल प्रजापति, निवासी ग्राम ऊमरी (थाना म्याना) को गिरफ्तार कर लिया।

**शेष आरोपियों की तलाश जारी**

पकड़े गए आरोपी को आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बमोरी पुलिस का कहना है कि इस गंभीर वारदात में शामिल शेष फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और जल्द ही वे भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## 13 वर्षीय लापता बालक को सुरक्षित ढूंढ निकाला

गुना। गुमशुदा नाबालिगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। गुना कोतवाली पुलिस ने करीब 20 दिन पहले लापता हुए 13 वर्षीय बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर उसे परिवार से मिलवा दिया है। बालक के सुरक्षित घर लौटने पर परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, गुना कोतवाली क्षेत्र से 16 जनवरी 2026 को एक 13 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद जब बालक का पता नहीं चला, तो उसके पिता ने 18 जनवरी को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर बालक की तलाश शुरू की। एसपी अंकित सोनी ने मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

**निवेश प्रस्ताव** | **गुना में औद्योगिक क्रांति की सुगबुगाहट**

# निवेश संवाद में आए 591 करोड़ के प्रस्ताव, 'विजन गुना' से खुलेगा रोजगार का द्वार

**नवभारत न्यूज**

**गुना। जिले में औद्योगिक विकास, निवेश और निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से गुरुवार को 'जिला स्तरीय रणनीतिक नेतृत्व एवं उद्योग संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में निवेशकों ने जिले की संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए कुल 591 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इन प्रस्तावों से जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की उम्मीद जगी है।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने 'विजन गुना' की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पिपरौदा, चैनपुरा, बीनागंज और स्पाइस पार्क जैसे क्षेत्रों को औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

गुना की भौगोलिक स्थिति इसकी सबसे बड़ी ताकत है, क्योंकि यहाँ से भोपाल, ग्वालियर और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों तक पहुँच बेहद सुगम है। कलेक्टर ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ है और उद्योगों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है।

**डिफेंस सेक्टर और स्थानीय मॉडल पर जोर**

चर्चा के दौरान भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले में आने वाले समय में डिफेंस सेक्टर से संबंधित उद्योगों के विकास पर विशेष कार्य किया जाएगा।

साथ ही, उन्होंने 'जिज्जी मॉडल' और 'गुलाब उत्पादन मॉडल' की सफलता साझा करते हुए स्थानीय संसाधनों पर आधारित लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही।

सत्रों के दौरान उद्यमियों को वैश्विक बाजार तक पहुँच, गुणवत्ता प्रमाणन, लॉजिस्टिक्स और सरकारी जेम पोर्टल के माध्यम से व्यापार विस्तार की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इंडिया पोस्ट और ईएक्सआईएम बैंक के प्रतिनिधियों ने एमएसएमई इकाइयों को निर्यात सहायता और वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाए।

**विकास की नई राह**

इस आयोजन का मुख्य केंद्र बिंदु जिले के ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) समूहों और स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना रहा। 591 करोड़ के निवेश प्रस्तावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गुना अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर एक बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में पहचान बनाने को तैयार है।

## मनमानी के खिलाफ एनएसयूआई का दूसरे दिन भी हल्लाबोल

**गुना।** क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्व विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ एनएसयूआई का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष फलेशुराम सिसौदिया के नेतृत्व में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र संगठन का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के चलते गुना, शिवपुरी और अशोकनगर के करीब 500 छात्र-छात्राओं का एक साल बर्बाद हो गया है। पोर्टल में तकनीकी खामी की वजह से इन छात्रों के एनरोलमेंट नंबर जनरेट नहीं हो सके, जिससे वे परीक्षा से वंचित हो गए। रही-सही कसर गुरुवार को तब पूरी हो गई जब अचानक प्राइवेट छात्रों की परीक्षा निरस्त होने की सूचना दी गई, जिससे परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया और उनके भविष्य पर संकट के बादल गहरा गए। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई ने कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे छात्रों की समस्याओं को हल करने के बजाय 'वीआईपी कल्चर' में मशगूल हैं।

संगठन ने कुलपति की गाड़ी पर अनाधिकृत रूप से हूटर लगा होने का दावा करते हुए इसे सत्ता का दुरुपयोग बताया। जिला अध्यक्ष फलेशुराम सिसौदिया ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में भाजपा नेताओं का बेरोक-टोक आना-जाना लगा रहता है और कई लोग तो हथियार लेकर परिसर में प्रवेश कर रहे हैं।